अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

आज दिनांक 12 जनवरी 2023 को स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों के द्वारा युवा दिवस मनाया गया । आज अकॉर्ड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल फरीदाबाद व अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के बीच एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए गए । अकॉर्ड हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर श्री संदीप कुमार ने बताया की कैसे हॉस्पिटल का मैनेजमेंट और डॉक्टर शिद्दत से काम करके मरीजों को सर्वश्रेष्ठ उपचार देकर जीवन को बचाने का ईश्वरीय कार्य करते हैं । साक्षी सिंह (प्रोजेक्ट मैनेजर अकॉर्ड हॉस्पिटल) ने हॉस्पिटल की रिसर्च विभाग व कोर्सेज के बारे में सभी को बताया व महाविद्यालय के छात्रों को इन कोर्सों में दाखिला लेने के लिए प्रेरित किया । श्रीमती पूनम गुप्ता जी (निदेशक अस्पताल) ने सामाजिक जुड़ाव विषय पर विचार रखा । अकॉर्ड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल फरीदाबाद के द्वारा स्वास्थ्य वार्ता का अयोजन भी हुआ जिसकी थीम **"सीक्रेट ऑफ हेल्थी लाइफ"** रही जिसमे मुख्य वक्ता डॉ. जितेंद्र कुमार (एम.डी. मेडिसिन, नेफ्रोलॉजिस्ट व दिल्ली नेफ्रोलॉजी सोसाइटी के अध्यक्ष, प्रोफेसर इ.एस.आई हॉस्पिटल) ने बताया कि जिस डॉक्टर को ईश्वर का रूप माना जाता था उसने धन के लोभ में आकर इसे धंधा बना दिया है परंतु चिकित्सक को अपने धर्म भूलना नहीं चाहिए । उन्होंने बताया कि हमें अपने भोजन में फल व हरी सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए व जंक फूड नहीं लेना चाहिए, इसके अलावा उन्होंने शराब व धूम्रपान पीने के कारणों व दुष्परिणामों से भी सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हमें अपने शरीर को ईश्वर मानकर उसकी रक्षा करें । महाविद्यालय के सभी शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों को हेल्थ प्रिविलेज कार्ड बांटे गए । कार्यक्रम के मुख्य अथिति व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई दी व सभी को विवेकानंद जी के पदचिन्हों पर चलने व उनके प्रेरणाओं का अनुसरण कर अपने जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया । प्राचार्य जी ने एम.ओ.यू के लाभ बताते हुए कहा कि अकॉर्ड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में महाविद्यालय के शिक्षक व गैर- शिक्षक कर्मचारियों को उपचार में प्राथमिकता व आर्थिक लाभ भी मिलेगा । उन्होंने **“हंसिए हंसाइये रोग को भगाइये”, पर रोग को कभी हंसी में मत उडाइए**” जैसे शब्दों द्वारा सभी को अपने स्वास्थ्य के लिए सचेत रहने की प्रेरणा दी

। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य इतिहास विभाग की प्रवक्ता डॉ. सुप्रिया ढांडा ने किया । इस अवसर पर बादशाह खान अस्पताल से आए डॉ. मोहिंदर साहनी (रिटायर्ड कर्नल, थल सेना) ने महाविद्यालय सभागार में उपस्थित सभी को एच.आई.वी. एड्स के कारणों, भ्रांतियों व रोकथाम के तरीकों से अवगत कराया । उन्होंने बताया कि कैसे युवा बॉडी बनाने के चक्कर में ड्रग्स के आदि हो रहे हैं और इस भयावय रोग की गिरफ्त में आते जा रहे हैं, असुरक्षित यौन संबंध भी इसका मुख्य कारण है । इस अवसर पर बी.के हॉस्पिटलफरीदाबाद से काउन्सलर संगीता भी उपस्थित रहीं । मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता व अन्य सभी का औपचारिक स्वागत व महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस की सभी गतिविधियों से यूथ रेड क्रॉस के कॉर्डिनेटर व इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने किया । आज ही एचआईवी एड्स व नशामुक्ति की जागरुकता के लिए रैली का आयोजन भी किया गया । प्राचार्य जी व अकॉर्ड हॉस्पिटल से आए सभी ने रैली को हरी झंडी दिखाई, रैलीका मुख्य स्लोगन था **"नशे से रहो दूर, जीवन जियो भरपूर"**। इस अवसर पर अकॉर्ड हॉस्पिटल के सी.ए व महाविद्यालय के पूर्व छात्र श्री पंकज मित्तल, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता जैसे श्रीमती कमल टंडन, डॉ. के.एल कौशिक, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. नरेश कामरा श्री रविंद्र जैन, डॉ. रामचंद्र, डॉ. गीता गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. शोभना गोयल, रेड क्रॉस के काउन्सलर श्री सुभाष, रेड रिबन क्लब की काउन्सलर, डॉ. नेहा गोयल, श्रीमति तिर्मेश कालरा, श्री लवकेश आदि उपस्थित रहे ।